दूरभाष: 0522-2638108

कार्यालय
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन—उ0प्र0
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0
प्लाट नं0—18, सेक्टर—7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ।
www.smcg-up.org; email: apd@smcg-up.org

पत्र संख्याः 1095 / 04186/एस.एम.सी.जी./06 दिनांकः 28 अक्टूबर,2020

सेवा में,

जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला गंगा समिति,
बिजनौर / मेरठ / हापुड़ / सम्भल / बदायू / कासगंज / कनौज / हरदोई / शाहजहांपुर / फर्रूखाबाद / बलिया / गाजीपुर / चंदौली / वाराणसी / मिर्जापुर / भदोही / मथुरा / प्रयागराज / कौशाम्बी / प्रतापगढ़ / रायबरैली / फतेहपुर / मुरादाबाद।

विषयः— गंगा दिवस कार्यक्रम दिनांक 04.11.2020 के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञाप संख्या—12011/ **11/2019-NMCG** दिनांक 14 अक्टूबर, 2020 के द्वारा प्रदेश में दिनांक 04.11.2020 को समस्त गंगा जनपदों में गंगा दिवस के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अन्तर्गत गंगा किनारे घाटों की सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेंटिंग—ड्राइंग प्रतियोगिता, क्विज संकल्प वाद—विवाद प्रतियोगिता तथा गंगा मैराथन आयोजित करने के सुझाव दिए गये हैं।

उक्त पत्र के साथ संलग्न सूची के अनुसार "गंगा दिवस" का उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण के लिए जन—जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य सामाजिक रूप से प्रासंगिक कारणों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराना और गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। चूंकि जिला गंगा समिति जिलों में प्रभावी ढंग से विभिन्न पहलुओं को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है, इसलिए "गंगा दिवस" की सभी संभव गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जिसमें अन्य के साथ महिला एवं पुरूष वर्ग की हाफ मैराथन भी प्रस्तावित है।

प्रतिभागियों का चयन जिला गंगा समिति द्वारा किया जायेगा। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य विभाग से अपेक्षित सहयोग अवश्य ले लिया जाय। प्रतियोगिता आयोजन के दौरान कोविड—19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क पहनना तथा नियमित सैनिटाइजिंग के सुरक्षा नियमों का पालन कराने पर विशेष ध्यान दिया जाय। गंगा हाफ मैराथन में औसत 200 व्यक्ति प्रति जनपद हेतु रिफ्रेशमेन्ट, टोपी, मास्क आदि की व्यवस्था तथा 03 पुरस्कारों (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) के वितरण की भी व्यवस्था कराना है, उपर्युक्त आयोजनों हेतु प्रत्येक जनपद को रू0. 100000/— की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस संबंध में, आपको राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली द्वारा दी गई तारीख के अनुसार गंगा दिवस के आयोजन के उपरान्त एक विस्तृत रिपोर्ट, वीडियों एवं फोटोग्राफ सहित राज्य स्वच्छ गंगा

अधिकारी अभियान के दौरान आपके जिले का दौरा करेंगे।

मिशन उ0प्र0, कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। एस.एम.सी.जी.-यूपी के वरिष्ठ

अतः अनुरोध है कि अपने जनपद के संबंधित विभागों के माध्यम से उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(शत्रुघ्न सिंह)
आई0ए0एस0
विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति/
अपर परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली।
2. परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0, लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0।

विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति/
अपर परियोजना निदेशक